हिमाचल प्रदेश केंद्रीयविश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215

DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215

Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक-09.9.2022

केंद्रीय विश्वविद्यालय के गणित विभाग ने ध्यान और विज्ञान विषय पर एक आमंत्रित वार्ता का किया आयोजन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग ने **ध्यान और विज्ञान** विषय पर शाहपुर परिसर में एक आमंत्रित वार्ता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के प्रति कुलपति प्रो. ज्योति प्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. राकेश कुमार ने भाषण के मुख्य वक्ता, अन्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि ध्यान विद्यार्थी के मन और दिमाग में सकारात्मक संयोजन बनाने में अहम् योगदान प्रदान कर सकता है| कार्यक्रम में गणित विभाग और अन्य विभागों के छात्रों और शोधार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया|

कार्यक्रमके मुख्य वक्ता प्रो. ज्योति ने कहा कि मन को नियंत्रित करने में ध्यान की गहरी भूमिका है| उन्होंने कहा कि ध्यान के प्रयोग से विद्यार्थी अपनी मानसिक शक्ति और एकाग्रता को बढ़ा सकते हैं| उनके अनुसार ध्यान से इन्सान अच्छे कर्म करने कि और प्रेरित होता है और इससे भ्रष्टाचारजैसी बुरे को जड़ से समाप्त किया जा सकता है| प्रो. ज्योति ने अनापान क्रिया के द्वारा दस मिनट का ध्यान का अभ्यासभी करवाया|

शाहपुर परिसर के निदेशक प्रो. भागचंद चौहान ने कार्यक्रम में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और कर्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी| कार्यक्रम में एन.आई.टी. हमीरपुर के गणित विभाग के सह आचार्य डॉ. पवन शर्मा, डॉ. प्रदीप चौकसे, डॉ. शिवराम राव, डॉ. सचिन श्रीवास्तव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. मिनाक्षी, डॉ. पंकज कुमार व अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे|

पूजा भारद्वाज

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला